दैनिक जागरण
दिनांक 13/08/2021

# पौधे रोपकर मनाया राष्ट्रीय पुस्तकालय दिवस



उन्हाणी कालेज में पौधारोपण करते प्राचार्य डा. विक्रम सिंह एवं अन्य • जागरण

संस, कनीना : राजकीय कन्या महाविद्यालय महाविद्यालय में बृहस्पतिवार को प्राचार्य डा. विक्रम यादव के मार्गदर्शन और पुस्तकालय प्रभारी अनिल कुमार के निर्देशन में महाविद्यालय प्रांगण में राष्ट्रीय पुस्तकालय दिवस का उत्सव पौधरोपण करके मनाया गया। प्राचार्य डा. विक्रम यादव ने इस अवसर पर डा. एसआर रंगनाथन की शिक्षाओं और संघर्षों के बारे में विचार-विमर्श किया तथा सभी कर्मचारियों से अनुरोध किया कि वे डिजिटल माध्यम से पुस्तकालय का प्रयोग कर महाविद्यालय की छात्राओं को भी उसका अत्यधिक प्रयोग करने के लिए प्रेरित करें, ताकि छात्राएं नवीनतम जानकारी प्राप्त कर अपना ज्ञानवर्धन कर सकें। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी स्टाफ सदस्य डा. सुधीर यादव, डा. सीमा, नीतू, कविता, धनेश, सोमेश, राजेश, मोनू यादव, देवेंद्र, गुरुदेव पवन, पूनम, कंवर सिंह आदि उपस्थित रहे।